तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 5 फरवरी 2025

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

10 धनोरा में बाजे-गाजे के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा, शुरू हुई ...



12 बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा कर ...



## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज दल्लीराजहरा में



**दल्लीराजहरा।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री, गृहमंत्री व बालोद जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा 5 फरवरी को दल्ली राजहरा पहुंचेंगे। इस दौरान वे जनसंपर्क कर नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन मांगेंगे। श्री शर्मा रोड शो में भी शामिल होंगे। वहीं, गृहमंत्री श्री शर्मा के आगमन पर चिखलकसा प्रवेश द्वार पर भाजपा कार्यकर्ता अटल चौक चिखलाकसा में दोपहर डेढ़ बजे स्वागत करेंगे। उसके बाद चिखलाकसा से दल्लीराजहरा पुराना बाजार शहीद चौक तक रोड शो होना है। कार्यक्रम में सभी वार्ड प्रभारी अपने-अपने वार्ड प्रत्याशी के साथ इस रोड में शामिल होंगे। चिखलाकसा और दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र में श्री शर्मा के दल्लीराजहरा आगमन को लेकर जोर-जोर से तैयारी चल रही है।

### ट्रैक पार करते ट्रेन की चपेट में आया हिरण, मौत



**बालोद।** शहर के रामनगर रेलवे ट्रैक को पार कर रहे हिरण के झुंड में से एक नर हिरण तेज रफ्तार मालगाड़ी के चपेट में आ गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। हादसे में हिरण का सिर धड़ से अलग हो गया है। वन विभाग से मिली जानकारी अनुसार नर हिरण की उम्र 4 साल बताई जा रही है। घटना सोमवार रात 1 बजे की है। वहीं, मंगलवार को वन विभाग की टीम ने मृत हिरण का अंतिम संस्कार किया।

### तहसील कार्यालय के सामने बैठे व्यक्ति से मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** शहर के तहसील परिसर के सामने बैठे एक व्यक्ति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। शिकारीपारा बालोद निवासी राजेन्द्र देशमुख ने इस मामले की रिपार्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि रविवार को शाम 6 बजे तहसील परिसर के सामने बैठा था, उसी समय यशवंत यादव शराब के नशे में मेरे पास आया और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। पहले तो लात-घूसे से मारने लगा फिर चप्पल से भी मारपीट की, जिससे मेरा चश्मा टूट गया। मामले में बालोद थाने में यशवंत यादव के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### कार की ठोकर से बाइक सवार घायल

**बालोद।** ग्राम सांकरा (क) वेल्डिंग दुकान के सामने मुख्य मार्ग पर कार ने बाइक सवार दो लोगों ठोकर मार दी। इससे बाइक चालक के मस्तक, नाक, तथा बाएं पैर में चोट लग गया। घायल को राहगीरों की मदद से 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल बालोद लाया गया। वहीं, बालोद थाने कार चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। ग्राम देवीनवागांव निवासी नारायण शांडिल्य 42 वर्ष ने बताया कि रविवार को दोपहर ग्राम सांकरा (क) वेल्डिंग दुकान के सामने मुख्य मार्ग पर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 वी 4756 से मेरे गांव के साधुराम नेताम को पीछे मोटर सायकल में बिठाकर निजी कार्य से गुरूर जा रहे थे। इसी बीच ग्राम सांकरा (क) स्थित वेल्डिंग दुकान के पास पहुंचे थे, कि सामने से आ रही तवेरा कार क्रमांक सीजी 28 वी 9279 के चालक ने ठोकर मार दी।

## तमिलनाडु में डायमंड जुबली जंबूरी में जिले के स्काउट-गाइड्स ने भी दिखाई प्रतिभा

**जंबूरी में ऑस्ट्रेलिया, जापान, श्रीलंका, मलेशिया, बांग्लादेश, यूएई, नेपाल के स्काउट-गाइड भी हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

तिरुचिरापल्ली तमिलनाडु में डायमंड जुबली जंबूरी में जिले के 5 स्काउट, 5 गाइड्स, दो प्रभारी शामिल हुए।

बीएसजी डायमंड जुबली जंबूरी तमिलनाडु में पूरे भारत तथा विदेश से 25000 से अधिक स्काउट और गाइड्स शामिल हुए। जंबूरी में ऑस्ट्रेलिया, जापान, श्रीलंका, मलेशिया, बांग्लादेश, यूएई, नेपाल के स्काउट और गाइड ने भी भाग लिया। डायमंड जंबूरी में आयोजित प्रतियोगिता में मार्च पास्ट, कलर पार्टी, स्किल ओ रामा, प्रेजेंट शो, फुड प्लाजा, कैंप क्राफ्ट,



ग्लोबल डेवलपमेंट विलेज, फिजिकल डिस्प्ले, एडवेंचर का बौद्धिक लोक नृत्य में भागीदारी किए। जंबूरी में गौरव प्रकाश ठाकुर, रोहन लाल, प्रिंस पटेल, टीकेश कुमार देशमुख, कृतिका साहू, चंचल निषाद, मोनिका, लीना, तृप्ति और प्रभारी में मिथिला सिंघारे, तनुजा बंजारे ने बालोद जिले का प्रतिनिधित्व किया। जंबूरी में भाग लेने से स्काउट गाइड में सांस्कृतिक सामाजिक सहयोग की भावना प्रबल होती है। इससे व्यक्तित्व निखरता है। देश–विदेश के लोगों के साथ रहने से उनके रहन–सहन, खान–पान देश की परंपरा और सोच के बारे में जानकारी मिलती है। जिला संघ बालोद ने स्काउट गाइड को जंबूरी में बालोद जिला का प्रतिनिधित्व करने पर हर्ष व्यक्त किया है।



### जिला पंचायत सभाकक्ष में की गई अभ्यर्थियों के नामांकन पत्रों की संवीक्षा

## जांच में एक नामांकन रद्द, जिला पंचायत सदस्य के लिए अब 55 अभ्यर्थी मैदान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

इन दिनों नगरीय निकाय सहित त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन की प्रक्रिया जारी है। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत 3 फरवरी को नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि के बाद 4 फरवरी को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत सदस्य पद के लिए अभ्यर्थियों से प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई।

इस दौरान रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने जिला पंचायत सदस्य के लिए अभ्यर्थियों द्वारा भरे गए कुल 56 नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की। उसके बाद 55 नाम निर्देशन पत्रों को स्वीकृत किया गया है। इस दौरान पंचायत विभाग के उप संचालक आकाश सोनी सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी, अभ्यर्थी एवं उनके प्रस्तावकगण उपस्थित थे।

**अभ्यर्थी 6 फरवरी तक वापस ले सकते हैं अपना नाम**





### पूरी हुई ईवीएम के द्वितीय रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया

**बालोद।** जिले में नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के लिए मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में ईवीएम के द्वितीय रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक, अपर कलेक्टर नूतन कंवर एवं रिटर्निंग अधिकारियों के अलावा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।





### अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन व प्रतीक चिन्हों का आवंटन 6 को

उल्लेखनीय है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थिता नाम वापस लेने की तिथि गुरूवार 06 फरवरी को दोपहर 03 बजे तक निर्धारित की गई है। इसके अलावा गुरूवार 06 फरवरी को निर्वाचन अधिकारियों द्वारा जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत सदस्य और पंच एवं सरपंच पद के लिए चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करने के अलावा सूची का प्रकाशन और प्रतीक चिन्हों का आबंटन भी किया जाएगा।

## दो ट्रकों में जोरदार भिड़ंत चालक-परिचालक सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद मुख्य मार्ग पर ग्राम हीरापुर मोड़ के पास दो ट्रकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ट्रकों के ड्राइवर साइड के परखच्चे उड़ गए हैं।

जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार की सुबह लगभग 4 बजे की है। जहां दल्लीराजहरा से भिलाई जा रही कच्चे लोहे से भरे ट्रक क्रमांक सीजी 08 एबी 9869 और झलमला से बालोद की ओर जा रहे ट्रक क्रमांक सीजी 08 एएच 6627 के



बीच हीरापुर मोड़ के पास टक्कर हो गई। दोनों ट्रक में सवार चालकों को मामूली चोट आई है, वहीं दो अन्य भी सुरक्षित हैं। वहीं, टक्कर होने से एक ट्रक खेत की ओर उतर गया है।

### रांचर में लगा दी आग, मना किया तो पीटा, मामला दर्ज

**बालोद।** ब्यारा में लगे लकड़ी के रांचर में आग लगा देने की बात पर तीन लोगों ने एक व्यक्ति से मारपीट कर दी। इस मामले पर गुण्डरदेही पुलिस ने मंगलवार को तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 3(5), 351(2), 115(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। प्रार्थी ग्राम पंचायत गुण्डरदेही वार्ड नंबर 2 निवासी सूरज कुमार निषाद ने बताया कि मेरे घर से लगे ब्यारा में पैरा रखा हुआ है, जहां रांचर लगा है। कुछ लोगों द्वारा ब्यारा में लगे रांचर को हटा देने से गाय व बैल ब्यारा में घुस जाते हैं। उसे देखने के लिये सोमवार रात को जब मैं ब्यारा के पास गया तो वहां रांचर नहीं था। रांचर को आस पास ढूंढते हुए गौठान के पास पहुंचा, तो देखा कि संस्कार सोनी व उसके दो अन्य साथी मेरे ब्यारा में लगे रांचर को तोड़कर आग जला रहे थे। मैंने रांचर को तोड़कर आग के बारे में पूछा, तो संस्कार और उसके साथियों ने गाली-गलौज करते हुए मरे साथ मारपीट की। उसके एक साथी ने ईंट से मेरे सिर में मारकर चोट पहुंचाई है।

■ ग्राम पंचायत गुण्डरदेही के वार्ड क्रमांक 2 की घटना

## खबर का असर, जर्जर खंभा हटा, नया लगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर के वार्ड क्रमांक 20 में बरसों से लगा सीमेंट का एक बिजली पोल काफी जर्जर हो चुका था। जिसके चलते कभी भी बड़ी अनहोनी की



जर्जर होकर सड़क की ओर झुके बिजली खंभे से है खतरा

आशंका थी। इस संबंध में हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद विद्युत विभाग जागा और जर्जर पोल की जगह नया खंभा लगाया गया। जर्जर पोल की जगह नया खंभा लगने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है।

## बड़ी मात्रा में नशीली दवाओं के साथ पकड़ाए दो आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर में कई युवा नशीली दवाओं के सेवन के आदी हो गए हैं। खासकर झुग्गी बस्तियों में नशीली दवा का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। अधिकांश मोहल्ले, बस्तियों में कफ सिरप, टेबलेट आदि खपाने वाले सक्रिय हैं। छोटी दवा दुकानों से सिरप आदि खरीदकर नशीली दवाओं का धंधा करने वाले बाइक, आटो से गली-मोहल्लों में जाकर नशेड़ियों को चार-पांच गुना दाम में दवा बेच रहे हैं।

दल्लीराजहरा या किसी अन्य स्थान पर नशीली दवाओं के बढ़ते सेवन से बच्चों और युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। यह न केवल उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि सामाजिक और शैक्षिक जीवन पर भी प्रतिकूल



असर डाल रहा है। हालांकि दल्लीराजहरा पुलिस नशे को लेकर लगातार कार्रवाई कर रही है। उसके बावजूद नशीली दवाइयां धड़ल्ले के साथ बिक रही हैं। पूर्व में दिल्ली आगरा पुलिस को सफलता मिली थी। दल्लीराजहरा गार्डन के पास नशीली दवा बेचते 2 पकड़े गए थे नशीली दवाई बेचने वाले आरोपी को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली थी। दल्लीराजहरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सुमीत सोनी, मनीष कुमार निर्मलकर वार्ड 7 टीचर कॉलोनी राजहरा स्थित गार्डन के पास अधिक मात्रा में नशीली दवा की बिक्री कर रहा है। सूचना पर राजहरा पुलिस मौके पर जाकर छापमार कार्रवाई की। इस दौरान मनीष कुमार निर्मलकर पिता स्व. लखन लाल निर्मलकर (35 वर्ष) साकिन वार्ड 7 टीचर कॉलोनी राजहरा थाना राजहरा के कब्जे से 7 डिब्बों में रखे नशीली दवा ट्रामाडोल के कैप्सूल 1008 नग कीमती 6552 रुपए जब्त किए। इसी तरह सुमीत सोनी पिता अशोक सोनी (25 साल) वार्ड 7 टीचर कॉलोनी के कब्जे से 7010 नग 4 डिब्बों में सपास ट्रंकन प्लस अल्प्राजोलम के टेबलेट 2400 नग कीमती 7440 रुपए तथा 10 डिब्बों में रखे ट्रामाडोल के कैप्सूल 1440 नग कीमती 9360 रुपए बरामद किया।

**प्रमाणित जानकारी पर की जाएगी कार्रवाई**

नशीली दवा को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। किसी के पास कोई प्रमाणित जानकारी है, तो दल्लीराजहरा पुलिस को अवश्य बताएं, कार्रवाई की जाएगी।

\- **डॉ चित्रा वर्मा,** नगर पुलिस अधीक्षक

### न्यायालय परिसर की पार्किंग में लगी आग, साइकिल के टायर-ट्यूब खाक



**बालोद।** असामाजिक तत्व द्वारा बिड़ी या सिगरेट पीकर खाली जगह कचरे में फेंक देना जिला न्यायलय परिसर के पार्किंग स्थल में सायकल रखने वाले को भारी पड़ गया। असामाजिक तत्व द्वारा की गई इस हरकत से सायकल में नए लगे टायर व ट्यूब हो जल कर राख हो गए। इससे सायकिल वाले को नया टायर-ट्यूब लगवाना पड़ा। जिला मुख्यालय स्थित जिला न्यायालय में सैकड़ों लोगों का आना-जाना लगा रहता है। कर्मचारियों के साथ अधिवक्ताओं व बाहर से पेशी में आए लोगों के ▶▶| शेष पेज 11 पर

### कलेक्टर चन्द्रवाल ने विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

## बोर्ड परीक्षाओं के लिए सुनिश्चित करें सभी आवश्यक व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के अंतर्गत कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षाओं को सफलतापूर्वक आयोजित कराने के लिए जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में शिक्षा एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर ने 01 मार्च से प्रारंभ होने वाली कक्षा 12वीं एवं 03 मार्च से शुरू होने वाली 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान चन्द्रवाल ने जिले में निर्विघ्न रूप से बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन सुनिश्चित कराने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए।

बैठक में चन्द्रवाल ने प्रभारी जिला शिक्षा





अधिकारी से अभी हाल में ही संपन्न प्री बोर्ड परीक्षा के परीणाम के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने जिले में बोर्ड परीक्षा के परिणाम को उत्कृष्ट बनाने के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी को कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा के आयोजन के तैयारी के लिए बुधवार 05 फरवरी को समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने जिले में 09 फरवरी को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा के आयोजन के तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### शक्कर कारखाने में गन्ने की समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करें

बैठक में चन्द्रवाल ने शक्कर कारखाना करकाभाट के प्रबंध संचालक से शक्कर कारखाना में गन्ने की समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिले में गन्ने के पैदावार बढ़ाने हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में भी जानकारी ली। चन्द्रवाल ने शक्कर कारखाना के प्रबंध संचालक को इसके लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं राजेन्द्र राठिया एवं शक्कर कारखाना के प्रबंध संचालक को स्थल निरीक्षण कर गन्ने के पैदावार बढ़ाने हेतु किए जा रहे उपायों की जानकारी लेने के निर्देश भी दिए।

### ग्राम पसौद में तीन दिवसीय मानसगान सम्मलेन 7 से

**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पसौद में समस्त ग्रामवासियों एवं दानदाताओं के सहयोग से तीन दिवसीय 7 से 9 फ़रवरी तक सस्वर संगीतमय मानसगान सम्मलेन का आयोजन रखा गया है। उक्त जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष खिलावन साहू एवं संचालक थलेश्वर साहू ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है। प्रथम दिवस दो मंडली सद्भावना मानस परिवार, ढाबाडीह (हल्दी) नवसाक्षर महिला मानस मंडली, पसौद (हल्दी) भाग लेंगी। दूसरे दिन नवोदित महिला मानस परिवार, तरसिंवा, श्रीराम अनुराग मानस परिवार, अरकार, सीता राम बालिका मानस परिवार, भोथली, मुरिया मानस परिवार, परसोदा, सरस्वती महिला मानस परिवार, मङ्गभांठा, श्रीराम मानस परिवार, पीपरहट्टा की प्रस्तुति होगी। इसी तरह तीसरे एवं अंतिम दिन 9 फ़रवरी को स्वरांजलि महिला मानस परिवार, भैंसाकट्टा, श्रीराम मानस मंडली, पापरा, सीता राम मानस मंडली, दरबारी नवागांव, जय श्रीराम बालिका मानस परिवार, भलेसर, सत्यम शिवम मानस परिवार, कांचरी और हरिओम मानस परिवार, गोड़ी की प्रस्तुति होगी।

**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

**खबर संक्षेप**



## सेजस जामगाँव आर में बच्चों ने देखा यूनिवर्स

**जामगांव आर।** सेजस जामगाँव आर में अटल टिंकरिंग लैब के संयोजन से एक्स्प्लोर द यूनिवर्स कार्यक्रम सोमवार रात्रि को हुआ। कार्यक्रम में खगोल शास्त्री बीएन. योगी के द्वारा प्रोजेक्टर पर बच्चों को यूनिवर्स की सैर कराई गई तथा कई ग्रह, उपग्रह, तारामण्डल, निहारिकाएं आदि पर व्याख्यान दिया गया। इस कार्यक्रम में कुल 200 छात्र–छात्राएं तथा लगभग 50 पालक उपस्थित थे। सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर के 15 छात्र-छात्राओं ने दो शिक्षिकाओं समेत कार्यक्रम का लाभ लिया। प्राचार्य चेतना ठाकुर ने खगोल शास्त्री बीएन योगी का आभार व्यक्त करते हुए अटल टिंकरिंग प्रभारी विनीता सुधीर के सफल प्रयास की सराहना की। टोपेश्वरी सिन्हा, नन्दा सोनी, हेमलता चन्द्राकर, चन्द्रहास एनके. श्रीवर, वसीम खान सहयोग सराहनीय रहा।

## जपं गुरुर क्षेत्र क्रमांक 3 से गुलाब राम ने भरा नामांकन



**गुरूर।** जनपद पंचायत गुरुर क्षेत्र क्रमांक 03 के भाजपा समर्थित प्रत्याशी गुलाब राम सिन्हा ने नामांकन भरा। उनके समर्थन में भाजपा के जिला और मण्डल के नेता एवं क्षेत्र के कमलेश साहू, नागकेशर सिन्हा, शिवराम साहू, प्रकाश सिन्हा, हेमलाल साहू, घुराऊ यादव, हरिश्चन्द्र ठाकुर, भरत सिन्हा, ललित गजेंद्र, कौशल सिन्हा, हिमांशु सिन्हा सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## अण्डा में सरपंच पद के लिए अमित कुमार ने भरा नामांकन




अंडा। ग्राम पंचायत अण्डा के सरपंच पद के लिए अमित कुमार चंद्राकर ने रैली निकालकर नामांकन दाखिल किया। पंच के लिए वार्ड 01 से संतोषी मार्कण्डेय, वार्ड 02 से जंगला दास चेलक, वार्ड 03 से सुरजा निर्मलकर, वार्ड 04 से रूखमणि ठाकुर, वार्ड 05 से उत्तरा देशमुख, वार्ड 06 से मुरली राम सिन्हा, वार्ड 07 से गजेन्द्र चंद्राकर, वार्ड 08 से हेमिन सिन्हा, वार्ड 09 से लक्ष्मी सिन्हा, वार्ड 10 से रामकुमार ढीमर, वार्ड 11 से लता चंद्राकर, वार्ड 12 से दिलीप भूपाल चंद्राकर, वार्ड 13 से रीना महिलांग, वार्ड 14 से दिनेश जोशी, वार्ड 15 से बलदाऊ प्रसाद निर्मलकर, वार्ड 16 से कुसुमलता चंद्राकर, वार्ड 17 से भागवत साहू, वार्ड 18 से गौकरण साहू, वार्ड 19 से सीता गायकवाड, वार्ड 20 से द्रौपती तारक ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया।

### बाबा दरबार पावन धाम द्वारा महावीर उद्यान में किया जा रहा है आयोजन

# धनोरा में बाजे-गाजे के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा, शुरू हुई श्री हनुमान कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बाबा दरबार पावन धाम एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से महावीर उद्यान में श्री हनुमान कथा श्री राम कथा एवं शतचंडी यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत कलशयात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा महावीर उद्यान से निकाली गई, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस कथा स्थल महावीर उद्यान पहुंची। वहां विद्वान पंडितों ने पूजा पाठ कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिला पुरुष व बच्चे शामिल हुए, जो हाथ में केसरिया पताके लहराते जयकारा लगा रहे थे। प्रथम दिवस कथा वाचक पंडित दीपक महाराज दामोद बोरई वाले ने अखंड ज्योति प्रज्वलित करने के बाद वैदिक मंत्रों से व्यास पीठ का





पूजा की। उसके बाद पंडित दीपक महाराज ने अपने मुखारविंद से कथा प्रारंभ की। प्रथम दिवस की कथा में बताया कि श्री रामचरित मानस की जब रचना हुई, ब्राह्मणों विद्वानों द्वारा इस ग्रंथ का बड़ा विरोध किया गया। तब श्री मधुसूदन स्वामी जी के के द्वारा इस ग्रंथ की महिमा गयी गई, फिर भी विरोध जारी रहा। तब स्वयं काशी विश्वनाथ जी ने इस पर अपनी मुहर लगाई तथा जो रामचरित्र मानस अन्य ग्रंथों के नीचे दबा था, पट खोलने पर वही ग्रंथ सबसे ऊपर प्राप्त हुआ, तब इसे लोगों ने स्वीकारा है। यह ग्रंथ लोगों को भक्ति व सरलता प्रदान करता है। साथ ही जीवन का आदर्श स्थापित करने के लिए मार्गदर्शन करता है। हनुमान जी ऐसी भक्ति एवं सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं की राम जी को ही अपने वश में कर लेते हैं, जो आज हम सभी को भक्ति समर्पण कर्म तथा सुखी जीवन के अनेकानेक रहस्यों को बताता है।

## ईवीएम का डेमो कर बताई गई मतदान की प्रक्रिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत डौंडीलोहारा द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत नगर पंचायत की विशेष टीम ने ईवीएम के साथ वार्डों के प्रमुख स्थानों पर जाकर मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी और जागरूक किया।

इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करना और लोकतंत्र को सशक्त बनाना है। टीम ने ईवीएम का डेमो देते हुए मतदाताओं को बताया कि किस प्रकार वे निष्पक्ष और सुरक्षित तरीके से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। नगर पंचायत के अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे अपने मतदान अधिकार का प्रयोग अवश्य करें और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी निभाएं। इस दौरान कई नागरिकों ने अभियान की सराहना की और मतदान के प्रति अपनी जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। नगर पंचायत द्वारा यह अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा, ताकि प्रत्येक मतदाता तक जागरूकता का संदेश पहुँच सके। उक्त विशेष टीम में शिक्षक छगन बंसोर, लिखमीचंद शार्वा एवं नगर पंचायत से रामगुलाल सिन्हा, नरेंद्र कुमार ठाकुर, महेंद्र कुमार बघेल, गोविंद लाल ऊईके, जितेंद्र श्रीवास्तव आदि शामिल हैं।

## नगर देवांगन समाज ने धूमधाम से मनाया माता परमेश्वरी महोत्सव



**डौंडीलोहारा।** देवांगन समाज नगर इकाई के तत्वावधान में बसंत पंचमी के अवसर पर मां परमेश्वरी महोत्सव स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां परमेश्वरी एवं मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुआ।

नगर देवांगन समाज के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने ब्लाक एवं जिलास्तर पर होने वाले परमेश्वरी महोत्सव को सफल बनाने के लिए समाज के सभी लोगों से सहभागिता की अपील की। नगर अध्यक्ष राजेंद्र कुमार देवांगन ने बताया कि महोत्सव के अवसर पर मां परमेश्वरी नगर देवांगन समाज डौंडीलोहारा के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए दान देने वालों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष बेनी राम देवांगन नगर इकाई से सचिव देवव्रत देवांगन, उपाध्यक्ष भगवंत कुमार देवांगन, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार देवांगन, यतेंद्र कुमार देवांगन, खोरबाहरा राम देवांगन, भारती देवांगन, माहेश्वरी देवांगन, मुक्ता देवांगन सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन हर्षा देवांगन ने किया।

## हथौद में धूमधाम से मनाई गई मां परमेश्वरी जयंती



**बालोद।** ग्राम हथौद में मां परमेश्वरी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर देवांगन समाज की कुल की मां परमेश्वरी की उत्पत्ति कैसे हुई, इसकी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सुबह से ही सामाजिक लोगों द्वारा गांव में स्थित मां परमेश्वरी मंदिर परिसर की साफ सफाई की गई। उसके बाद माता के लिए महाप्रसाद के रूप में खीर पूड़ी बनाई गई।

माता सेवा मंडलियों द्वारा मां परमेश्वरी जी की सेवा गीत गाए। उसके बाद पूजा-अर्चना की गई। पांच जोड़ों ने माता जी का हवन कार्यक्रम पूर्ण कराया। आरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया। रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक एवं रिकॉर्डिंग डांस परिवार मया के बंधना की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम में अध्यक्ष देव सिंह देवांगन, उपाध्यक्ष चेतन देवांगन, सचिव लक्ष्मण देवांगन, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र देवांगन, सहसचिव उत्तम देवांगन, श्रवण देवांगन, राम सिंह देवांगन, रामराज, चिंताराम, लोचन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन योगाभ्यास अवश्य करें



**डौंडीलोहारा।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में वनांचल क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय भीमाटोला (रेंगाडबरी) में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। शिक्षक पीलू राम साहू ने बताया कि शिविर में योग शिक्षक तीरथ अटल व लेखराम साहू योग ग्राम अंडी ने रोगानुसार योग के महत्व व लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही यौगिक जौगिग सूर्य नमस्कार प्रज्ञायोग व्यायाम खड़े होकर वृक्षासन ताड़ासन गरुडासन बैठकर मंडूकासन शशकासन पेट के बल लेटकर धनुरासन मकरासन शलभासन वज्रासन भस्त्रिका प्राणायाम कपालभांति प्राणायाम बाह्य अनुलोम-विलोम प्राणायाम भ्रामरी प्राणायाम सिंहासन हास्यासन करवाया गया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन नियमित योगाभ्यास जरुरी है, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वच्छ मन का वास होता है। योग शिक्षकों ने कहा कि लोग अनियमित दिनचर्या के कारण बीमार पड़ते हैं। मनुष्य का आहार शाकाहार को बताया। लेकिन दूसरे के भोजन अर्थात मांसाहार करना अज्ञानता है। साथ ही किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिए। शिविर में बड़ी संख्या में लगभग 95 योग साधकों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रधानपाठक विशेसर सिंह आर्य, देवराज ठाकुर शिक्षक हिमांशु ठाकुर रुस्तमदास साहू, रसोईया व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्ति पर सहायक ग्रेड 3 विजय कुमार को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

उपपंजीयक कार्यालय बालोद में पदस्थ सहायक ग्रेड 03 के पद में पदस्थ विजय कुमार त्रिपाठी की सेवा निवृत्ति पर जिला पंजीयक प्रियंका श्रीरंगे, उपपंजीयक बालोद वेद प्रकाश सहारे, डौण्डीलोहारा उप पंजीयक आकाश देवांगन, प्रभारी उपपंजीयक गुरूर अनुराग बैश, सहायक ग्रेड 2 बालोद शीला तिर्की की उपस्थिति में उन्हें बिदाई दी गई। इस अवसर पर जिला पंजीयक प्रियंका श्रीरंगे एवं स्टाफ ने विजय कुमार त्रिपाठी को शॉल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। दस्तावेज लेखकों एवं स्टाम्प वेंण्डरों तथा कार्यालय स्टाफ की तरफ से उन्हें गुलाल लगाकर, पुष्प पहनाकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विजय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि मैंने इस विभाग में अपनी सेवाएं दी, 25 वर्षों तक भाटापारा में कार्य करने के बाद बालोद आकर मैंने अपनी सेवाएं दी। इस दौरान आप सभी का सहयोग, प्रेम आशीर्वाद मुझे मिला और मैं सभी के सहयोग से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर, आज मैं इस विभाग से सेवानिवृत्त हो रहा हूँ। यह



पल अत्यंत भावुकता का पल है।

### पूरा स्टाफ एक परिवार की तरह

जिला पंजीयक प्रियंका श्रीरंगे ने कहा कि पूरा स्टाफ एक परिवार की भांति होता है, और हम सभी आपसी सामंजस्यता के तहत अपनी सेवाएं देते हैं। इस बीच हमसे कोई अपने पद से निवृत्त होता है, तो काफी दुख होता है। दस्तावेज लेखक संघ के जिला अध्यक्ष लक्ष्मी दुबे ने कहा कि तिवारी जी हम सभी दस्तावेज लेखकों को पूरा सहयोग करते थे, उनका हम सभी से आत्मीय संबंध हो गया था। इस अवसर पर पंजीयन कार्यालय के पंकज साहू, पूनम मेश्राम, नरेन्द्र यादव, उमाकांत साहू, दस्तावेज लेखक संघ के जिला अध्यक्ष लक्ष्मी दुबे, दस्तावेज लेखक शिव गौतम, मो जुनैद कुरैशी, भूपेंद्र चंद्राकर, लोचन पटेल, अनिल यादव सहित दस्तावेज लेखक व स्टाम्प वेंडर आदि उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर मुक्ताश्रम हथौद में हुआ वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सरस्वती शिशु मंदिर मुक्ताश्रम हथौद में वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर इलेक्ट्रोहोम्योपेथी कन्नेवाडा वाईके शेरवानी थे, अध्यक्षता से.नि. व्याख्याता मुजगहन एलसी धनकर ने किया।

विशिष्ट अतिथि से.नि.शिक्षक चिराईगोड़ी गोविंद राम साहू, प्राचार्य सेजेस कन्नेवाड़ा कविता वानखेड़े, से.नि. व्याख्याता चिराईगोड़ी डीआर यादव, से.नि.व्याख्याता सांकरा क डीडी साहू, से.नि.व्याख्याता हथौद जीएल साहू, से.नि.शिक्षक चिराईगोड़ी केएल नागवंशी के आतिथ्य में मां सरस्वती के छायाचित्र में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय प्रतिवेदन संस्था के प्राचार्य पवन कुमार साहू द्वारा प्रस्तुत






किया गया। गतवर्ष 10वीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त भैया धनंजय साहू 95.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान प्राची पटेल 94.6 प्रतिशत को अतिथियों द्वारा मेडल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भैया बहनों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य बसंत कुमार पाण्डेय ने किया। आभार प्रदर्शन विद्यालय समिति के अध्यक्ष जागेश्वर सिंह साहू ने किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के व्यवस्थापक ओम प्रकाश गजेंद्र एवं समस्त सदस्यगण तथा विद्यालय के आचार्य भोजराम अठनागर, दामिन साहू, राखी यादव, ठाकुर राम साहू, चंद्रप्रकाश ठाकुर सहित समस्त आचार्य, दीदी एवं पालकों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

### खुशी के साथ बिछड़ने के गम में छलक पड़े आंसू

# साध्वी बनने राजस्थान के नोखा के लिए रवाना हुई मूमुक्षु राखी, विदाई देने उमड़े नगरवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर की बेटी राखी सांखला की सोमवार को अनोखी विदाई हुई। मूमुक्षु राखी बेटी के रूप में विदा हुईं, लेकिन अब वह बेटी के रूप में कभी घर नहीं लौटेंगी। जब भी आएंगी, साध्वी के रूप में ही आएंगी। जिस बच्ची को मां-बाप ने गोद में खिलाया, दादा-दादी और चाचा-चाची ने लोरी सुनाई, भाईयों के साथ हंसी-ठिठोली करते हुए बचपन बिताया, वह अब सब कुछ छोड़कर साध्वी बनने जा रही हैं। सोमवार को दीक्षा लेने के लिए राजस्थान के नोखा रवाना होने से पहले राखी को विदाई दी गई। इस दौरान परिवार और नगरवासियों की आंखें नम हो गईं। एक तरफ खुशी थी कि उनकी लाडली धर्म कार्य के लिए जा रही है, तो दूसरी तरफ बिछड़ने का गम भी था। कुछ के आंखों में आंसू थे। सुबह सवा दस बजे शुभ मुहूर्त में शगुन के व्यंजन लापसी का प्रसाद बांटते हुए राखी ने अपने घर से विदा ली। विदाई से पहले राखी ने घर के





सभी सदस्यों का कुमकुम तिलक कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने जाने-अनजाने में हुई गलतियों के लिए क्षमा भी मांगी। घर से निकलते ही कुछ कदम चलने के बाद उनके भाई भावेश और सर्वज्ञ ने उन्हें अपने हाथों पर उठा लिया और कुछ दूर तक ले जाकर वाहन में बिठाया। इस दौरान नगर के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। राखी ने विदाई से पहले जैन उपाश्रय में विराजमान आचार्य भगवन रामलाल मसा की सुशिष्या शासन दीपिका महासती प्रमिला श्रीजी मसा और ठाना चार के दर्शन किए। साध्वी वृंद ने राखी के संयम जीवन की मंगल कामना की और सेवा व गुरु आज्ञा को शिरोधार्य करने की सीख दी।

### जैन संतों के सानिध्य में रहीं राखी

राखी ने बताया कि मोक्ष प्राप्ति के लिए संयम पथ जरूरी है। कुछ सालों से उन्हें वैराग्य के भाव आने लगे थे। इस दौरान वह कई बार जैन संतों के सानिध्य में रहीं। उनके पिता मुकेश सांखला ने कहा कि वैराग्य पथ पर चलना बच्चों का खेल नहीं है। राखी बचपन से ही जैन साधु-संतों के प्रवचन सुनती थीं। उन्होंने सांसारिक जीवन को नश्वर मानते हुए मोक्ष प्राप्ति के लिए वैराग्य पथ को चुना। राखी ने कहा कि उन्होंने ठान लिया था कि संयम पथ पर ही चलना है। वैराग्य जीवन में धर्म-ध्यान और सख्त नियमों का पालन करना होता है।

### 7 फरवरी को दीक्षा ग्रहण करेंगी

नगर के सुश्रावक हस्तीमल व सुश्राविक मगनबाई सांखला की पोती, ललिता व मुकेश सांखला की पुत्री ने संसार की असारता को समझते हुए आत्मकल्याण निज पर कल्याण की भावना से संयम जीवन अंगीकार करने का फैसला लिया है। धर्मगुरु आचार्य रामलाल मसा के मुखारविंद से 7 फरवरी को राजस्थान के नोखा मंडी में संयम जीवन अंगीकार कर दीक्षा ग्रहण करेंगी। जिसके लिए परिवार के लोगों के साथ राजस्थान रवाना हो गई।

## कैंसर दिवस पर निकाली गई सायकिल रैली



**डौंडीलोहारा।** कैंसर दिवस पर व्याख्याता एनुका शार्वा ने नगर में कैंसर जागरूकता रैली का आयोजन किया। इस रैली का उद्देश्य कैंसर के प्रति लोगों में जागरूकता लाना और इसके भय को दूर करना है। सायकिल रैली के माध्यम से आम जनमानस को इस बीमारी की लक्षण, जानकारी और भय को दूर करने तथा कैसे कहां उपचार कराएं इस संबंध में जागरूक करने का प्रयास किया गया। सुश्री शार्वा के साथ रैली की अगुवाई उनके प्रभारी प्राचार्य प्रदीप मेश्राम तथा वरिष्ठ व्याख्याता एलके ठाकुर तथा हेमंत साहू, खेमंत साहू ने नगर का भ्रमण किया।रैली में बच्चों ने सभी साइकिल में स्लोगन लगाकर विद्यालय से कालीमंदिर, गायत्री मंदिर से टिकरापारा ,विकेकानंद चौक से होकर वापस विद्यालय प्रांगण पहुंचे। महिला व्याख्याता संगीता वैद्य, पुष्पा कटेंद्र, छाया नंदा, भारती साहू सभी ने गुलाबी बैच लगाकर रैली का समर्थन किया। रैली में विद्यालय से डीआर साहू, आरएस देशमुख, वीके भंडारी, लवण साहू, एसडी मानिकपुरी, आरएन योगी, तेजेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## मुख्यमंत्री साय ने नर्मदा जयंती की दीं शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 4 फरवरी को नर्मदा जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने मां नर्मदा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि मां नर्मदा का आशीर्वाद समस्त जीवों के कल्याण के लिए है। नर्मदा नदी केवल जलधारा नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और समृद्धि की प्रतीक है। मां नर्मदा की निर्मल धारा जीवनदायिनी है और हमें जल संरक्षण का संदेश देती है। इस पावन पर्व पर हम सभी संकल्प लें कि जल संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरण की रक्षा के लिए सतत प्रयास करेंगे।

## माशिम में होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड प्रशिक्षण

**रायपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत एनसीईआरटी के निर्देशानुसार 5 दिवसीय कार्यशाला सहप्रशिक्षण का आयोजन माध्यमिक शिक्षा मंडल के सभाकक्ष में किया जा रहा है। 3 एवं 4 फरवरी को होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके बाद प्रश्न पत्र टेम्पलेट का मानकीकरण संबंधित जानकारी दी जाएगी। माशिम सचिव पुष्पा साहू ने कहा, होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन के मूल्यांकन का एक नया तरीका है। उपसचिव जेके अग्रवाल ने नकारात्मक सोच को त्यागकर अपने प्रभाव क्षेत्र में सर्वोत्तम कार्य करने का सुझाव दिया। डॉ.प्रदीप साहू, प्रीति शुक्ला, मनीषि सिंह, शिवा सोमवंशी, चन्द्रप्रभा राहगडाले, अंशुमन कसेर, सिरीज पाल सहित आदि उपस्थित रहे।

## पत्नी को जान से मारने की धमकी, गिरफ्तार

**भिलाई।** पत्नी के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पति के खिलाफ अपराध दर्जकर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने धारा 127(2) ,324(4), 296,333, 351(3) बीएनएस के तहत कार्रवाई किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि आकांक्षा कुंज रिसाली में किराये के मकान में रहने वाली महिला ने वर्ष 2009 में प्रगति नगर रिसाली निवासी आसपुरन चौधरी के साथ प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद से पत्नी के साथ लगातार पति मारपीट करने लगा। वर्ष 2021 से महिला अपने दोनो बच्चों के साथ अलग रह रही है। 30 जनवरी की रात महिला अपने घर पर सो रही थी। इस दौरान पति आशपुरन घर के सामने के लोहे के दरवाजा से कुदकर आंगन के भीतर प्रवेश कर दरवाजा खटखटाने लगा। खिडकी से महिला के देखने पर ज्ञात हुआ कि उसका पति आसपूरन हाथ में डंडा लेकर खडा था। महिला को पति जान से मारने की धमकी दे रहा था।

**पेज 9 का शेष**

### न्यायालय परिसर ..

वाहन पार्किंग में खड़े रहते हैं। वहीं, पार्किंग में रखी साइकिल के टायर-ट्यूब में आग लग गई। बताया जा रहा है कि कुछ अधिवक्ताओं ने सायकिल में लगी आग की जानकारी अन्य कर्मचारियों को दी, जिन्होंने तत्काल आग बुझाई, नहीं तो वहां आस पास खड़ी दूसरी साइकिलों व बाइक के साथ कार भी चपेट में आ सकते थे। इससे बड़ा हादसा हो सकता था।

# एक क्लिक पर मिलेगी पुरानी फाइल, आंबेडकर अस्पताल के एमआरडी में होगी ई-फाइलिंग की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल में होने वाले इलाज, जीवन-मृत्यु के संबंधित दस्तावेजों को सहेजकर रखने वाले मेडिकल रिकार्ड डिपार्टमेंट (एमआरडी) में ई-फाइलिंग की सुविधा दिए जाने की तैयारी है। इसके बाद केवल एक क्लिक पर पुराने से पुराने दस्तावेजों मिल जाएंगे। अभी एमआरडी पुरानी व्यवस्था के तहत काम करने की वजह से फाइलों के बोझ तले दबा हुआ है।

आंबेडकर अस्पताल में संचालित होने वाले विभिन्न विभागों के साथ इमरजेंसी से भी संबंधित तमाम दस्तावेज मिलाकर प्रतिदिन पांच सौ से एक हजार फाइलें एमआरडी पहुंचती हैं। इस विभाग की जिम्मेदारी इन दस्तावेजों को सहेजकर रखना और मांग पर उपलब्ध कराना होता है। आवश्यक होने की वजह से वहां फाइलों का अंबार लगा रहता है और किसी प्रकरण की मांग पर उसके दस्तावेज खोजने के लिए संबंधित स्टाफ को काफी सिर खपाना पड़ता है। आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अस्पताल प्रबंधन द्वारा एमआरडी ई-फाइलिंग की सुविधा से लैस करने की तैयारी की जा रही है। इस सुविधा के बाद एमआरडी में आने वाले दस्तावेजों की एंट्री ऑनलाइन होगी, जिसके बाद पुरानी फाइलों के बारे भी पता लगाने कड़ी मशक्कत करने की आवश्यकता नहीं होगी। कंप्यूटर में थोड़ी प्रक्रिया पूरी करने के बाद केवल एक क्लिक के माध्यम से सारी जानकारी स्क्रीन पर सामने होगी। पिछले दिनों दौरे पर आए स्वास्थ्य सचिव को अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा. संतोष सोनकर द्वारा भावी योजनाओं के तहत इसकी जानकारी दी थी।

## अस्पताल प्रबंधन बना रहा योजना, यहां रखे जाते हैं महत्वपूर्ण दस्तावेज

### एमएलसी प्रकरणों का भी लेखा-जोखा

एमआरडी में अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले नॉन एमएलसी के साथ एमएलसी यानी मेडिको लीगल केस का लेखा-जोखा भी रखा जाता है। अस्पताल में उपचार के दौरान होने वाली मृत्यु के साथ भर्ती, डिस्चार्ज, लामा जैसे प्रकरणों की फाइल के रख-रखाव की जिम्मेदारी भी इन्हीं की होती है। अस्पताल में होने वाली मृत्यु से संबंधित सर्टिफिकेट भी यहीं से जारी किए जाते हैं।




### बड़ा स्पेस जरूरी

सूत्रों के मुताबिक प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में आने वाली फाइलों को कई सालों तक यहां समेटकर रखने की आवश्यकता होती है। इसके कारण इस विभाग में फाइलों का ढेर लगा रहता है और मौजूद जगह काफी छोटी पड़ती है। जरूरतों के आधार स्थान बड़ा करने और फाइलों को भी व्यवस्थित रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए जाने की तैयारी की जा रही है।

# ट्रैफिक नियम तोड़ने पर पांच मिनट में ई-चालान जुर्माने से हड़बड़ाए लोग, लगे फोन घनघनाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रैफिक रूल तोड़ कर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वालों के खिलाफ पांच मिनट के अंदर ई-चालान भेजे जाने का असर दिखने लगा है। पांच मिनट में ई-चालान जनरेट कर भेजे जाने की हरिभूमि की टीम ने ग्राउंड पड़ताल की, तो पाया कि जिन लोगों के ई-चालान काटे गए, वो ट्रैफिक पुलिस के पास कॉल कर अपनी गलती पूछने के साथ गलती बताए जाने पर माफी की गुहार लगाते दिखे। पूर्व में ई-चालान आठ से दस दिन में जनरेट होने की वजह से वाहन चालक चालान पटाने में लापरवाही करने के साथ ही चालान की अनदेखी कर देते थे। तत्काल ई-चालान काटे जाने को वाहन चालक भी गंभीरता से ले रहे हैं।

ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर के मुताबिक ट्रैफिक रूल तोड़ने पर पांच मिनट के अंदर ई-चालान जनरेट कर वाहन चालक के मोबाइल पर पीडीएफ भेजे जाने का असर दिखने लगा है। दो दिन में काटे गए दो सौ ई-चालान में से 40 से ज्यादा लोगों ने जुर्माना राशि ऑनलाइन पेमेंट किया है। जिन लोगों के ई-चालान काटे गए हैं, उनमें ज्यादातर नो पार्किंग में वाहन पार्क करने के साथ रांग साइड के साथ ट्रिपल सवारी दोपहिया चलाने के मामले हैं।


राजधानी में ट्रैफिक रूल तोड़ने वालों के खिलाफ नया इंतजाम
वाहनों का ई-चालान कटते ही अब पांच मिनट में आएगा संदेश, दस मिनट में ऑनलाइन भुगतान भी
प्रयोग के तौर पर शुरुआत में रोजाना सौ ही चालान भेजे जाएंगे

### साहब, हमने क्या कसूर किया

शारदा चौक में नो पार्किंग में खड़ी एक गैस एजेंसी की गाड़ी का नो पार्किंग में वाहन पार्क करने का ई-चालान जनरेट कर वाहन मालिक के पास भेजा गया। वाहन मालिक के कहने पर वाहन चालक कालीबाड़ी स्थित ट्रैफिक थाने पहुंचा और वहां बैठे ट्रैफिक पुलिस के जवानों से अपने वाहन का ई-चालान काटे जाने का कारण जानना चाहा। तब ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालक को बताया कि उनकी गाड़ी शारदा चौक में नो पार्किंग में पार्क की गई थी। इस वजह से चालान काटा गया है। इस पर वाहन के ड्राइवर ने ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को एक्सक्यूस देने की कोशिश की, तब ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालक को बताया कि उनकी गाड़ी तय समय से ज्यादा समय तक नो पार्किंग में पार्क थी। इस वजह से चालान काटा गया है।

### ऐसे काम कर रहा सिस्टम

आईटीएमएस के ऑफिस में शहर के ट्रैफिक पर नजर रखने वाली टीम बैठी हुई थी। टीम सिस्टम में ऐसे वाहन चालक जो नियम की अनदेखी कर वाहन चला रहे थे, उन पर मैनुअल के साथ ऑनलाइन के माध्यम से नजर रख रही थी। इस दौरान शहर के अलग-अलग ऐसे पाइंट जहां आईटीएमएस के कैमरे लगे हैं, वहां से ट्रैफिक की अनदेखी कर वाहन चलाने वालों की जानकारी एनआईसी में लोड करने का काम कर रही थी। एनआईसी वाहन नंबर के आधार पर वाहन चालकों की जानकारी निकालकर उनके मोबाइल पर चालान जनरेट कर पोस्ट कर रही थी।

### ई-रिक्शा चालक बोला-गरीब आदमी हूं साहब माफ कर दो

दोपहर में आनंद नगर चौक के पास एक ई-रिक्शा का चालक लापरवाही पूर्वक रांग साइड में वाहन चलाते हुए जा रहा था। इस पर ई-रिक्शा के चालक का ट्रैफिक पुलिस ने दो हजार रुपए का चालान काटा। चालान कटने के आधा घंटे के भीतर ई-रिक्शा का चालक ट्रैफिक थाने पहुंचा और चालान काटे जाने की वजह पूछा। इस पर अफसरों ने ई-रिक्शा के चालक को उसकी गलती बताई। तब उसने अपनी गरीबी का हवाला देते हुए ई-चालान निरस्त करने की मांग करता दिखा।

### ड्रंक एंड ड्राइव मामले में थोक में पुलिस ने की कार्रवाई, 21 दबोचे गए



ड्रंक एंड ड्राइव कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ ट्रैफिक थाना के साथ तेलीबांधा, राखी, मंदिर हसौद पुलिस ने रविवार को अभियान चलाकर 21 नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके वाहन जब्त कर कोर्ट में चालान पेश किया। नशेड़ी वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबन करने ट्रैफिक पुलिस, परिवहन विभाग के माध्यम से कार्रवाई कराने की बात कही है। एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर पुलिस ने वीआईपी रोड स्थित श्री राम मंदिर मार्ग के साथ ही फुंडहर चौक, एयरपोर्ट टर्निंग के पास बैरिकेड लगाकर कार के साथ दोपहिया में आने-जाने वाले वाहन चालकों की ब्रीथ एनालाइजर के माध्यम से जांच की। जांच के दौरान 21 वाहन चालक नशे में धुत होकर वाहन चलाते मिले। मौके पर ही नशेड़ी वाहन चालकों के वाहन को पुलिस ने जब्त कर मोटर व्हिकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया।

# शंकर नगर चौक पर जल्द शुरू होगा ट्रैफिक सिग्नल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के शंकर नगर एक्सप्रेस वे मार्ग के नीचे यातायात सुव्यवस्थित करने ट्रैफिक सिग्नल जल्द शुरू होगा। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सोमवार को जोन 3 के अंतर्गत शंकर नगर एक्सप्रेस वे मार्ग के नीचे ट्रैफिक सिग्नल को शीघ्र प्रारंभ करवाकर मुख्य चौराहे का यातायात सुव्यवस्थित करने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। आयुक्त ने निगम उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा, जोन 3 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, जोन 10 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में जोन 10 क्षेत्र स्थित पुरैना तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुरैना तालाब में कचरा डालने से रोकने एक्सप्रेस वे पुरैना की ओर से ग्रीन वाल लगवाने निर्देश दिए।

- **निगम आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश**

**एमए भूगोल के परिणाम जारी** : रायपुर। पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम जारी करने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। एमए भूगोल तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाओं में 208 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 94.23 प्रतिशत अर्थात 196 छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण रहे हैं। एमएससी भूगोल तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 5 छात्रों ने दिलाई थी। इनमें से सभी सफल रहे। इसी तरह एमएससी आईटी तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल 29 में से 28 छात्रों को उत्तीर्ण घोषित किया गया है। एमएससी आईटी के परिणाम 96.55 प्रतिशत रहे हैं।

# जिला पंचायत के 14 क्षेत्रों के लिए 56 अभ्यर्थियों ने भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत के चौदह क्षेत्र के लिए नामांकन के अंतिम दिन तक कुल 56 अभ्यार्थियों ने नामांकन दाखिल किया है। क्षेत्र क्रमांक 01 से सीमा संध्या बर्मन, सोनादेवी-मानसिंह देशलहरे, कांती सोनेश्वरी, क्षेत्र क्रमांक 02 से संध्या भारद्वाज, मीना साहू ने नामांकन दाखिल किया। क्षेत्र क्रमांक 03 से कौशिल्या चन्द्राकर, ममता चन्द्राकर, सुचित्र रामा देवी ठाकुर एवं तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने नामांकन जमा किया।

क्षेत्र क्रमांक 04 से लक्ष्मी अशोक साहू, बबिता चौधरी के मध्य सीधी टक्कर होगी। क्षेत्र क्रमांक 05 से दीपिका देशलहरे, गुलशन चन्द्राकर, पुरूषोत्तम लाल मारकण्डे, रोमेश दास देशलहरा, पोषण बनपेला, मुकेश कुमार साहू एवं मुकेश सिन्हा ने नामांकन भरा है। क्षेत्र क्रमांक 06 से चन्द्रप्रभा सुधाकर एवं प्रभाराम लाल एवं संगीता सुधाकर ने नामांकन जमा किया है,क्षेत्र क्रमांक 07 से चुन्नी मंकेर, प्रतीभा कोमिया, क्षेत्र क्रमांक 08 से दारा सिंह भौसार्य, राजाराम तारम, गैंदसिंह ठाकुर, श्याम सिंह नेताम ने नामांकन भरा है।

क्षेत्र क्रमांक 09 से कृतिका सतानंद साहू, पूजा साहू, अनिता कश्यप ने क्षेत्र क्रमांक 10 से शकुंतला देवांगन, संध्या चन्द्राकर, तोमन साहू ने क्षेत्र क्रमांक 11 से अनिता कुमेटी, दीपा रावटे, महेश्वरी अलेन्द्र, निलिमा श्याम ने नामांकन भरा, क्षेत्र क्रमांक 12 से ईश्वर सिंह, राजेश रावटे, मिथलेश निरोटी, कोमेश कोर्राम, महावीर ठाकुर, रोमेश धुरवे ने क्षेत्र क्रमांक 13 से चन्द्रीका गंजीर, राजश्री क्षत्रिय, संतोषी ठाकुर ने तथा क्षेत्र क्रमांक 14 से जितेन्द्र यादव, तेजराम साहू, लेखक चतुर्वेदी, श्यामलाल साहू, मीना साहू, आदित्य पिपरे, शैलेन्द्र सिंह सोरी, नरसिंग चोरमार ने नामांकन दाखिल किया है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत जुर्म दर्ज

**भिलाई।** अपने पिता को रेलवे स्टेशन छोड़कर वापस लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन चालक ने ठोकर मारने से उसकी मौके पर मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि जोन 3 सेक्टर 11 खुर्सीपार निवासी मोहम्मद इस्माइल 30 जनवरी को अपने पिता को पावर हाउस रेलवे स्टेशन छोड़कर घर लौट रहा था। इस दौरान आईटीआई के सामने खुर्सीपार में अज्ञात वाहन चालक ने चपेट में लिया। हादसे में मो. इस्माइल की मौत हो गई। मृतक मो. इस्माइल के सिर के कनपटी के पास गंभीर चोट आई थी। उपचार के लिए युवक को शासकीय अस्पताल सुपेला लेकर जाया गया । जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना अस्पताल के वार्ड ब्याय ने दी है।




नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### जनपद पंचायत क्रमांक 11 से लोकेश ने भरा नामांकन

**बालोद।** जनपद पंचायत बालोद क्षेत्र क्रमांक 11 से प्रत्याशी लोकेश डड़सेना ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 8 से राजाराम ने भरा नामांकन



**डौंडीलोहारा।** जिला पंचायत बालोद क्षेत्र क्रमांक 8 से सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ जिला पंचायत पहुंचकर राजाराम तारम ने नामांकन दाखिल किया। उसके साथ डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया, गोविंद चन्द्राकर, भोलाराम देशमुख, दानेश्वर देशमुख, गिरधारी लाल कोमरे, झुमुक परसाई, दिलीप बघेल, गणेश रात्रे, गोपाल प्रजापति, मेघनाथ साहू सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बुधवारी बाजार में बना सुलभ शौचालय, लोगों को मिली राहत



**बालोद।** बुधवारी बाजार में 16 लाख 15 हजार रुपए की लागत से बने सुलभ शौचालय सहित स्नानगृह के प्रारंभ होने से वहां पहुंचने वाले थोक एवं चिल्हर सब्जी विक्रेताओं के साथ ही यहां आने वाले ग्राहकों को भी सुविधा हो रही है। आपको बता दें कि बुधवारी बाजार में सुलभ शौचालय की मांग काफी पुरानी है। लंबे समय से लोग यहां सुलभ शौचालय बनाने की मांग करते आ रहे हैं। खासकर महिलाओं को जो बुधवारी बाजार में सब्जी खरीदी बिक्री करने आते हैं, उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। लेकिन, अब सुलभ शौचालय के बन जाने से लोगों को राहत मिली है, खासकर महिलाओं की सबसे बड़ी समस्या दूर हो गई है। जानकारी के अनुसार सुलभ शौचालय और स्नानगृह निर्माणकार्य के लिए करीब 16 लाख 15 हजार रुपए की राशि स्वीकृति हुई थी, जिससे यहां सर्व सुविधायुक्त सुलभ शौचालय तथा स्नानगृह बनाया गया है।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**बालोद।** मंगलवार सुबह लगभग 5 बजे दल्लीराजहरा से दुर्ग जा रही पैसेंजर ट्रेन के सामने 45 वर्षीय एक व्यक्ति की कटकर मौत हो गई। घटना में उसका सिर धड़ से अलग हो गया। घटना के बाद मौके पर पहुंची राजहरा पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। राजहरा पुलिस के अनुसार मृत व्यक्ति की पहचान वार्ड क्रमांक 5 राजहरा निवासी रायभान मांडवी 45 वर्ष के रूप में की गई है।

### आयोजन : अंचल में धूमधाम से मनाया गया मां सरस्वती का अवतरण दिवस

# बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा कर लिया आशीर्वाद, 10 बच्चों का हुआ विद्यारंभ संस्कार

## शासकीय प्राथमिक शाला धनगाँव में एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भी किया गया आयोजन

रिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडीलोहरा

ग्राम धनगांव स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में बसंत पंचमी श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। साथ ही 18 बच्चों का विद्यारंभ संस्कार भी हुआ। यज्ञाचार्य विशम्भर सिंह बगमरिया ने बताया कि बसंत पंचमी, शिक्षा साक्षरता, विद्या और विनय का पर्व है। कलाओं, विविध गुणों, विद्या को, साधना को, बढ़ाने, उन्हें प्रोत्साहित करने का पर्व है। उन्होंने कहा कि भगवती सरस्वती के अवतरण दिवस पर उनके अनुग्रह के लिए कृतज्ञता भरा अभिनंदन करने का और दिव्य शक्तियों को मानवीय आकृति में चित्रित करके ही उनके प्रति भावनाओं की अभिव्यक्ति संभव है।

यज्ञाचार्य विशम्भर सिंह बगमरिया ने बसंत पंचमी के पावन पर्व पर बच्चों को कापी और पेन भेंट किया। साथ ही वेद मंत्रों के माध्यम से 18 बच्चों का विद्यारंभ संस्कार किया। डोंडीलोहारा के संकुल समन्वयक मोहित भौसार्य ने बच्चों पेन भेंट किया तथा विद्या वती साहू प्रधान पाठक और धनेश्वरी सोनवानी ने अपने बच्चे के जन्मदिन की खुशी में सभी बच्चों को बेल्ट भेंट किया। बसंत पंचमी के पावन पर्व पर शासकीय प्राथमिक शाला के एसएमसी अध्यक्ष अवध गिरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष मलेश पटेल, यशवंत रात्रे सदस्य, एमएस हेडमास्टर घनाराम नागेंद्र, उच्च वर्ग शिक्षक वाईके लाटेन्द्र, टेमेश्वर् श्रीवास, पूर्णे सर, जोत सिंह मरकाम सदस्य, अगरहिज चनाब, ज्योति बाई, मनीषा पटेल, शारदा गोर्रा, डालीमा गवर्नर, प्रकाश गवर्नर, आगेश्वरी बाई, दीपक भुआर्य, लीना भुआर्य, लगनी पटेल, ललेश्वरी गांवरे का विशेष सहयोग रहा।





### शाला प्रांगण में स्थापित की गई मां सरस्वती की प्रतिमा



**डौंडीलोहारा।** बसंत पंचमी के पावन पर्व पर शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला के प्रांगण में जन सहयोग से मंदिर निर्माण कर मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित की गई। इस अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें ग्राम सेवा संगठन के 17 समूह शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य यजमान सेवानिवृत्त प्रधान पाठक रेंगनी श्री नायक रहे। इस सफल आयोजन में हेमनाथ चिराम, घनश्याम कोठारी, पंचू राम साहू, दिलीप तारम, कुंडेश्वर तारम, रमेश कुमार साहू प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, मूलचंद पटेल, श्री सोनवानी, लता नायक माध्यमिक शाला प्रधान पाठिका, संतोष देशमुख शिक्षक, प्रदीप साहू शिक्षक सहित गांव की समस्त महिला समितियों व ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

### सरस्वती शिशु मंदिर पैरी में हुआ 20 बच्चों का विद्या आरंभ संस्कार



**बालोद/सिकोसा।** सरस्वती शिशु मंदिर पैरी में बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही 20 भईया बहनों का विद्या आरंभ संस्कार किया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए नेवता भोज कार्यक्रम भी रखा गया था।

### प्राथमिक शाला भेंडरा में मनाई गई बसंत पंचमी



**गुण्डरदेही।** शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरा में बसंत पंचमी के अवसर पर ज्ञान, संगीत और कला की देवी माँ सरस्वती की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कर पूजा की गई। उसके बाद छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रधानपाठक छबीलाल साहू, विनोद कुमार साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खेमेश्वरी निषाद, उपाध्यक्ष संतोषी यादव, लक्ष्मी साहू, माया साहू, धामेश्वरी साहू, प्रतिमा साहू, गायत्री साहू, टिकेश्वरी कोर्सेवाड़ा, राकेश जोशी सहित ग्रामवासी उपस्थित थे। साथ ही संकुल तवेरा के शिक्षक प्रधानपाठक इंद्रजीत साहू, जेआर साहू, भेलसिंह ठाकुर, देवेंद्र हरमुख तथा संकुल समन्वयक एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

### खुटेरी ख में मां सरस्वती की पूजा कर मांगी सद्बुद्धि



**बालोद/सिकोसा।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खुटेरी ख में बसंत पंचमी के अवसर पर ज्ञानदायिनी मां सरस्वती की पूजा की गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने मां शारदे के प्रतिमा स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया था। विद्यादायिनी की पूजा कर पुरोहित ने सभी छात्र-छात्राओं की सद्बुद्धि के लिए मंगलकामना की। प्राचार्य खेता पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सदैव तत्पर रहने का आव्हान किया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख पाण्डेय के मार्गदर्शन में विनीता मिश्रा, धेनुशा साहू, जेआर साहू, यूके देशमुख, रोशनी नेताम, ज्योति महनदिया, पुष्पलता साहू, डीके सिन्हा, उत्तम ठाकुर, केशव ठाकुर व छात्र छात्राएं तथा स्टाफ उपस्थित थे।

### सशिमं पुरूर में हुआ विद्यारंभ संस्कार

**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरूर में बसंत पंचमी उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य वेद प्रकाश कटेंद्र द्वारा मंत्रोच्चार कर माता सरस्वती, पट्टी तथा लेखनी पूजन एवं हवन कर भैया बहनों का विद्यारंभ संस्कार कराया गया।

उसके बाद मातृ सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आनेश्वरी चक्रधारी थे, अध्यक्षता ललिता गंगबेर ने की। विशेष अतिथि साधना सोनी द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य वक्ता संस्थान प्रतिनिधि जिला समन्वयक दीपक हिरवानी ने उपस्थित मातृ शक्तियों को संबोधित करते हुए



विद्यालय में होने वाली गतिविधियों से अवगत कराते हुए प्रेरक कहानियों के माध्यम से भैया बहनों को संस्कारवान बनाने के लिए विद्यालय के साथ साथ माताओं के दायित्व को बताया गया।

कक्षा अरुण उदय के भैया बहनों के द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया कक्षा प्रथम, द्वितीय द्वारा आदिवासी समाज के कार्य एवं संस्कृति पर आधारित सामूहिक नृत्य, बारह मासी कार्यक्रम ने उपस्थित मातृ शक्तियों का मन मोह लिया।

माताओं के लिए आयोजित खेल मटका दौड़, बिंदी लगाओ, डंडा घूम, गुब्बारा फैलाओ, पिठाइया दौड़ में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की दीदियों नीमा साहू, संतोषी नागवंशी ने किया। उक्त कार्यक्रम में सरपंच सुकीर्ति यादव, विद्यालय प्रबंधकारिणी के अध्यक्ष आनंद राम सोनबरसा, सदस्य मंत राम राजपुरिया, ग्राम पटेल कीर्तन राम माला एवं नागरिक एवं पालक उपस्थित थे।

### किसी की कमजोरी को बताकर हास्य नहीं, निर्लेप व निष्पक्ष रहकर करें साहित्य सृजन

**डौंडीलोहारा।** मधुर साहित्य परिषद के तत्वावधान में डौंडीलोहारा ब्लाक इकाई के अध्यक्ष कन्हैया लाल बारले के निवास पर जिले के साहित्यकारों की गरिमामयी उपस्थिति में बसंतोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ शारदे की पूजा-अर्चना के साथ हुई। कार्यक्रम में साहित्यकारों ने ऋतुराज बसंत एवं बसंत पंचमी में सरस्वती पूजन का महत्व एवं सरस्वती अवतरण की घटना को प्रकृति की सुंदरता एवं समृद्धि से जोड़ते हुए अपने विचार रखे। विचार के साथ माँ वीणा वादिनी की चरणों में काव्य पुष्प के रूप में सरस्वती वंदना एवं ऋतुराज बसंत की शोभा पर कविताएँ प्रस्तुत की गई।

सर्व प्रथम परिषद के जिलाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक डॉ. अशोक आकाश ने अपनी अमर कृति सांध्यदीप एवं किन्नर व्यथा की शुरुआत मां शारदे की स्तुति से की। आगे उन्होंने साहित्यिक बारीकियों को बताते हुए कि हमें किसी की कमजोरी को बताकर हास्य न करते हुए



निर्लेप एवं निष्पक्ष रहकर साहित्य सृजन करना चाहिए। डौंडीलोहारा ब्लाक ईकाई के अध्यक्ष कन्हैया लाल बारले ने कहा कि दुनिया में पढ़े लिखे एवं विद्वान लोगों की कमी नहीं है, लेकिन बिना दैवीय कृपा से कोई साहित्यकार नहीं बन सकता।

**कविताओं की दी प्रस्तुतिः** कार्यक्रम के दौरान डौंडीलोहारा की कवयित्री हर्षा देवांगन ने ऋतुराज बसंत का मनोहारी रूप चित्रण करते हुए आ गया बसंत, छा गया बसंत कविता सुनाई। रायपुरा से आए जनकवि देवनारायण नगरिहा ने अपने मधुर कंठ से सरस्वती वंदना पश्चात बसंतोत्सव गीत आमा मउरत हे, फूल अउ भौंरा के प्रीत लिखबो। चल संगी अब बसंत गीत लिखबो। सुनाकर समा बांध लिया। निर्मला पाण्डे ने साहित्य की शक्ति पर अपना विचार रखते हुए कहा कि साहित्यकारों के बीच नया नया विचार सुनकर बोझिल मन प्रफुल्लित हो जाता है। जीवन जीने के लिए नई ऊर्जा प्राप्त होती है। वीरेंद्र अजनबी ने सुर की देवी सरस्वती मां शब्द का हमें भान दो। मिटा अज्ञान को अभिमान को, मां ज्ञान दो। जैसे काव्य पंक्तियों की छटा बिखेरते हुए कार्यक्रम का संचालन किया। बसंतोत्सव के इस पावन पर्व पर वार्षिक साझा पत्रिका अनहद के तृतीय संस्करण पूर्व वर्षों की भांति प्रकाशित करने पर सहमति बनी। रचनाएं संकलन, संपादन एवं प्रकाशन की प्रक्रिया पूर्व वर्षों की भांति यथावत रहेगी। कन्हैया लाल बारले ने आभार व्यक्त किया।

### शिकसा ने मनाया बसंत पंचमी उत्सव

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने बसंत पंचमी के अवसर पर शिकसा बसंत पंचमी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान के उपस्थिति व टीकाराम सारथी हसमुख प्राचार्य चुरतेली व सलाहकार शिकसा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना अनामिका चक्रवर्ती सुनीति व राजगीत हेमराज निषाद ने



प्रस्तुत कर किया। कार्यक्रम में चन्द्रकला शर्मा, दीक्षा पाण्डेय, विंध्यवासिनी पांडेय, दिनेश कुमार दुबे, हर नारायण साहू, सरोज हरिप्रिय, मदनलाल तोमर, प्रकाश चन्द्र चेलक, श्यामलाल कोर्राम, ममता गुरूपंच सहित अनेक सदस्यों ने रचनाओं की प्रस्तुति दी। कर किया। कार्यक्रम का संचालन शशिकला पाण्डेय व आभार प्रदर्शन डॉ.शिवनारायण देवांगन आस ने किया।

## बसंत पंचमी पर शिक्षकों ने बच्चों को दिया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

बसंत पंचमी पर शांतिकुंज हरिद्वार के आचार्य ने सेजस दुधली में माँ सरस्वती की विशेष पूजा कर उनका आशीर्वाद लिया। साथ ही कक्षा नवमी से बारहवीं तक के 453 बच्चों को शिक्षकों द्वारा न्योता भोज कराया गया। न्योता भोज में बड़ा, पूड़ी, खीर, दाल, चावल, मटर-पनीर, टमाटर चटनी, पापड़, सलाद परोसा गया। प्राचार्य डीएन यादव ने सभी बच्चों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए माता सरस्वती से सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद मांगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता एमएस सिन्हा, आरएन राणा, के टांडिया, आर ठाकुर, पीएस साहू, एसके देशलहरे, आरएल भोसले एवं समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
चलो प्रयागराज पवित्र महाकुंभ 2025
महाकुंभ 2025 के डिलक्स, प्रीमियम पैकेज के लिए संपर्क करें
15 से 17 फरवरी 2025, 20 से 22 फरवरी 2025
-: सुविधाएं :-
प्रथम यात्रा- स्पेशल स्लीपर बस, प्रयागराज (टेंट), नाश्ता, रात्रि भोजन, टूर गाइड, सहयोग राशि 8100/- प्रति व्यक्ति
द्वितीय यात्रा- पुश बैक बस 2/2, प्रयागराज (टेंट), नाश्ता, रात्रि भोजन, टूर गाइड, सहयोग राशि 6100/- प्रति व्यक्ति
तृतीय यात्रा- 6 व्यक्ति (इनोवा क्रिस्टा), होटल, नाश्ता, रात्रि भोजन, सहयोग राशि 12001/- प्रति व्यक्ति
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ्रोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को बेमेतरा, बालोद, कवर्धा और राजनांदगांव में सर्वे कार्य हेतु 10 युवक / युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो। इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता
Resume Whatsapp करें
8319268069, 9425565082
7489534456
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव